प्रेस विज्ञप्ति

एमपी के बदरवास जैकेट क्लस्टर की महिला कारीगरों को विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बना रहा ईडीआईआई

भोपाल, 2 मार्च, 2024: भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) 'बड़े पैमाने पर मोदी जैकेट' बनाने के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के बदरवास जैकेट क्लस्टर की महिलाओं को विशेष कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। संस्थान ने क्षेत्र की महिलाओं को उनके कौशल को बढ़ाने और क्लस्टर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक साधन और ज्ञान से लैस करने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), गांधीनगर के साथ साझेदारी की है।

बदरवास जैकेट क्लस्टर, जैकेट तैयार करने और संबंधित गतिविधियों में लगे लोगों के एक मजबूत सेंटर के रूप में उभरा है। पारंपरिक औद्योगिक केंद्रों के विपरीत यह जैकेट क्लस्टर महिला कार्यबल के धैर्य और समर्पण से स्वाभाविक रूप से विकसित हुआ है। क्लस्टर की क्षमताओं को और बढ़ाने और जैकेट की बढ़ती मांग को पूरा करने की अनिवार्य आवश्यकता को पहचानते हुए भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवर्तन परियोजना के तहत एक प्रोड्यूसर कंपनी को बढ़ावा दिया है, जिसका स्वामित्व और प्रबंधन बदरवास की महिला कारीगरों के हाथों में है। इस प्रकार उन्हें खुद की एक कंपनी का शेयरधारक बनने का अवसर हासिल हो रहा है।

ईडीआईआई मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से इस क्लस्टर डवलपमेंट प्रोजेक्ट को कार्यान्वित कर रहा है।

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला के शब्दों में, "ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल कौशल प्रशिक्षण से भी आगे का नजरिया लेकर चल रही है। यह महिलाओं के स्वामित्व और प्रबंधन वाली एक प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाती है। इस महत्वपूर्ण कदम से वह केवल नौकरीपेशा नहीं रह जातीं बल्कि अपनी कंपनी की एक उद्यमी और शेयरधारक कहलाती हैं, जिससे आत्मनिर्भरता और आर्थिक आजादी को बढ़ावा मिलता है।"

13 से 18 फरवरी, 2024 तक बदरवास क्लस्टर की 19 महिला कारीगरों के लिए ईडीआईआई परिसर में गुणवत्ता की परख, बिक्री कौशल और विजुअल मर्चेंडाइजिंग पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसने महिलाओं को अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान किया। कोर्स में कपड़ा निर्माण की पेचीदगियां, बिक्री–मार्केटिंग की रणनीतियां और ब्रांड निर्माण के पहलुओं को शामिल किया गया।

निफ्ट परिसर में चार दिवसीय व्यावहारिक सत्रों के दौरान प्रतिभागियों को कपड़े की जांच, गुणवत्ता मापदंडों और पैकेजिंग तकनीकों पर मजबूत प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद, ईडीआईआई परिसर में दो दिवसीय प्रशिक्षण मॉड्यूल उद्यमिता की बुनियादी बातों, लागत

और मूल्य तय करने की रणनीतियों, बिक्री तकनीकों, संसाधन जुटाने और अनुपालन प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा करेगा।

ईडीआईआई में फैकल्टी और प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा, 'निफ्ट की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर, हमारा लक्ष्य इन महिला कारीगरों के कौशल को बढ़ाना और आगे चलकर उन्हें सफल उद्यमी के रूप में तैयार करने के लिए आवश्यक साधनों और ज्ञान से लैस करना है। हमारा मानना है कि महिला कारीगरों को सही कौशल के साथ सशक्त बनाना बदरवास जैकेट क्लस्टर की पूरी क्षमता को उजागर करने की कुंजी है।

मध्य प्रदेश के शिवपुरी के केंद्र में स्थित बदरवास जैकेट क्लस्टर स्थायी आजीविका हासिल करने के लिए स्थानीय महिलाओं के संकल्प और जुनून का प्रमाण है।

<u>About Entrepreneurship Development Institute of India (EDII)</u>

The Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad was set up in 1983 as an autonomous and not-for-profit Institute with support of apex financial institutions - the IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd. and State Bank of India (SBI). The Government of Gujarat pledged twenty-three acres of land on which stands the majestic and sprawling EDII Campus. EDII has been recognized as the CENTRE OF EXCELLENCE by the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Govt. of India. The Institute has also been listed as the Institute of National Importance by the Education Department, Govt. of Gujarat. EDII operates across the country through its seven regional offices and PAN India project offices. It has international affiliates in Cambodia, Laos, Myanmar Vietnam, Uzbekistan and Rwanda. For more information visit: www.ediindia.org

<u>For more information, contact:</u>

Nirupam Banerjee, Adfactors PR: 9825984727
Hiral Oza, Adfactors PR: 7043901987